an>

Title: Need to convert Varsha-Gadchiroli and Nagbir-Chanderpur railway line to broad gauge in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली-चिमुर, जो कि अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है। यह देश का सबसे पिछड़ा, आदिवासी बहुल और अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र है। इस क्षेत्र की तरफ मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

महोदय, महाराष्ट्र राज्य का गढ़चिरोली-चिमुर क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित अत्यधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। अविकसित आदिवासी बहुत इलाका है। इस क्षेत्र के कई युवक राष्ट्र की मुख्य धारा से टूटकर समाज विघटक संगठनों से जुड़ कर विकास में बाधा साबित हो रहे हैं।

महोदय, यहां का किसान, व्यापारी, शिक्षित, अशिक्षित, गरीब और अमीर सभी भयभीत हैं और अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नक्सलवाद से प्रभावित इस आदिवासी बहुल एरिया का विकास करके एवं बेरोजगार युवकों को रोज़गार उपलब्ध करवा कर समस्याओं का काफी हद तक समाधान हो सकता है।

महोदय, मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि इस क्षेत्र में ग्रेनाइट, डोलोमाइट, हीरा, पन्ना, मैगनीज, लोहा, कोयला सहित जल एवं वन के रूप में अपार सम्पदा है। लेकिन फिर भी यह क्षेत्र अति पिछड़ा हुआ है। इसका एक प्रमुख कारण है इस क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क का कम होना। यदि इस क्षेत्र को रेलवे नेटवर्क से जोड़ कर या उपलब्घ प्राकृतिक सम्पदा के छोटे-बड़े उद्योग धन्धे स्थापित किए जाएं तो न केवल इस आदिवासी क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि नक्सवाद से बुरी तरह प्रभावित इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे। मेरी मांग है कि मंजूर वर्शा-गढ़चिरोली रेलवे लाइन एवं नागबीर-चन्द्रपुर की सिंगल लाइन को ब्रॉड गैज में रूपांतरित करके, मंजूरी देकर अगर शुरू किया जाए।